Seventeenth Loksabha

p>

Title: Regarding new train facilities at Malda Town Railway Station, West Bengal- Laid – Laid

श्री खगेन मुर्मु (माल्दहा उत्तर): मैं इस सरकार को बताना चाहता हूँ कि मेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र माल्दहा (उत्तर) पश्चिम बंगाल का मालदा टाऊन रेलवे स्टेशन अति व्यस्त रेलवे स्टेशन है जहाँ से प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग यात्रा करते हैं ।विशेष रूप से ईलाज के लिए और अपने अन्य व्यावसायिक कार्यो से यहाँ से हजारों लोग दिल्ली,बेंगलुरु और दक्षिण भारत के अन्य शहरों की यात्रा करते हैं ।मालदा टाउन से होकर इन शहरों को जाने वाली ट्रेनें बहुत कम हैं और जो ट्रेनें चलती हैं उनमें मालदा टाऊन का कोटा बहुत कम होने के कारण यात्रियों को कन्फर्म टिकट नही मिल पाता है और यात्रा में बहुत कठिनाई होती है ।इन्ही तथ्यों के दृष्टिगत मैं माननीय रेलमंत्री जी का ध्यान निम्नलिखित प्रस्तावों पर आकृष्ट करना चाहता हूँ --

1-मालदा टाऊन रेलवे स्टेशन पर "वन्दे भारत एक्सप्रेस"(गुवाहाटी से नई दिल्ली)का ठहराव किया जाय।

2-मालदा टाऊन से दिल्ली और बंगलुरू के लिए दो नई सुपरफास्ट ट्रेनें चलाई जायँ।

3-मालदा टाऊन से होकर जाने वाली सभी ट्रेनों में अलग से एक-एक कोच(मालदा टाऊन कोटा) लगाया जाय,अगर यह सम्भव न हो तो मालदा के लिए अधिकतम सम्भव कोटा आबंटित किया जाय।

धन्यवाद ।